आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 24.04.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध किया।
- पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने हरिद्वार जिले में निर्मित 25 मिनी सचिवालयों का लोकार्पण किया।
- स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने चमोली जिले में बदरीनाथ धाम यात्रा मार्ग के अंतर्गत सभी चिकित्सा इकाइयों में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया।
- देहरादून में नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारियों को परखने के लिए आज रात 10 बजे एयर रेड–ब्लैकआउट मॉक ड्रिल। जिला प्रशासन की आमजन से अफवाहों से बचने और ना घबराने की अपील।

जन आक्रोश रैली

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध किया। आज देहरादून में महिला जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मातृशक्ति को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनका अधिकार दिलाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया था। लेकिन लोकसभा में संख्या बल के कारण बिल पारित नहीं हो पाया।
मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का 60 वर्षों तक देश में शासन रहा, लेकिन कांग्रेस सरकार में कभी भी महिलाओं को उनका हक नहीं दिया गया।
इस दौरान मुख्यमंत्री, हजारों की संख्या में मौजूद महिलाओं के साथ परेड ग्राउंड से घंटाघर तक जन आक्रोश पदयात्रा में भी शामिल हुए।

पंचायती राज दिवस

पंचायती राज मंत्री मदन कौशिक ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आज हरिद्वार जिले में निर्मित 25 मिनी सचिवालयों का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम पंचायतों के परिवार रजिस्टरों के डिजिटलीकरण की शुरुआत की। नारसन विकासखंड की ग्राम पंचायत बिझोली में आयोजित कार्यक्रम में श्री कौशिक ने कहा कि यह पहल ग्रामीण प्रशासन को आधुनिक, पारदर्शी और जनसुविधा केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालयों के माध्यम से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, वहीं परिवार रजिस्टरों के डिजिटलीकरण से कार्यों में तेजी, पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित होगी।

तैनाती

विद्यालयी शिक्षा विभाग में संयुक्त निदेशक से अपर निदेशक के पद पर पदोन्नत चार अधिकारियों को नवीन तैनाती दी गई है। इस संबंध में शासन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को विभगीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन अधिकारियों के अनुभव और दक्षता से विभागीय कार्यों में और अधिक गति आएगी तथा शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

स्वास्थ्य महानिदेशक

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने आज चमोली जिले में बदरीनाथ धाम यात्रा मार्ग के अंतर्गत सभी चिकित्सा इकाइयों में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने यात्रा मार्ग और धाम क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य इकाइयों, प्राथमिक उपचार केंद्रों, स्वास्थ्य जांच केन्द्रो ,आपातकालीन सेवाओं और तैनात चिकित्सा कर्मियों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महानिदेशक ने चिकित्सालयों में उपलब्ध दवाओं, ऑक्सीजन सिलेंडर, जीवन रक्षक उपकरणों और एम्बुलेंस सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए आपातकालीन तैयारियों को मजबूत रखने पर जोर दिया।

चारधाम/योग केंद्र

चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस बार एक विशेष और सुखद पहल की गई है। उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित चारधाम यात्रा हीना स्क्रीनिंग सेंटर में योग केंद्र की शुरुआत की है, जहां तीर्थयात्री निःशुल्क योग का लाभ उठा सकेंगे। पहाड़ी मार्गों की कठिन यात्रा के दौरान योग, प्राणायाम और ध्यान से श्रद्धालुओं को थकान से राहत मिलेगी और वे अधिक उत्साह और सकारात्मकता के साथ अपनी यात्रा जारी रख सकेंगे। इसके अलावा गंगोत्री व यमुनोत्री धाम और स्क्रीनिंग सेंटर हीना, दोबाटा तथा यात्रा पड़ावों पर श्रद्धालओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही ऑक्सीजन, दवाइयां आदि की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन की यह पहल न केवल तीर्थयात्रियों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर की गई है, बल्कि यह आध्यात्मिक पर्यटन को भी नई दिशा देने का कार्य करेगी। आने वाले समय में इस प्रकार के प्रयास चारधाम यात्रा को और अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित तथा समग्र अनुभव बनाने में सहायक सिद्ध होगी।

ब्लैकआउट मॉक ड्रिल

राजधानी देहरादून में नागरिक सुरक्षा तंत्र की तैयारियों को परखने के लिए आज रात 10 बजे एयर रेड व ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की जाएगी। इस दौरान शहर के चार संवेदनशील क्षेत्रों– आईएसबीटी, घंटाघर, आराघर और रायपुर स्थित रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोग प्रयोगशाला में 30 मिनट तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों में सायरन बजाकर एयर रेड अलर्ट जारी किया जाएगा और बाद में ब्लैकआउट किया जाएगा। मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी संभावित हवाई हमले या आपात स्थिति में सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता एवं समन्वय क्षमता का आकलन करना है। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित किया गया है, जहां मोबाइल, वायरलेस और दूरसंचार के माध्यम से सभी विभागों के बीच समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस और पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहकर स्थिति पर नजर रखेंगे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ऋषभ कुमार ने बताया कि यह मॉक ड्रिल गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है, जिसमें जिलाधिकारी कंट्रोलर के रूप में संचालन करेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की है कि इस दौरान किसी प्रकार की अफवाह या घबराहट में न आएं, यह केवल आपातकालीन तैयारियों का अभ्यास है।

जिला योजना

बागेश्वर के जिला प्रभारी मंत्री राम सिंह कैड़ा की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में वार्षिक जिला योजना की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लगभग 59 करोड़ 61 लाख रुपये का विभागवार परिव्यय निर्धारित करते हुए कार्ययोजना को अनुमोदित किया गया। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक योजनाओं को जिला योजना में शामिल करने के निर्देश दिए।